रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 217] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 17, 2001/श्रावण 26, 1923

No. 217] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 17, 2001/SRAVANA 26, 1923

दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ऑफ इंडिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 अगस्त, 2001

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस)

संख्या : 1-सी. ए (7)/51/2000.— जैसा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया की परिषद् द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियम, 1988 में और संशोधन करने हेतु, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम, 1949 (1949 का 38वां) की धारा 30 की उपधारा (3) की व्यवस्थाओं के अनुसार संशोधनों का मसविदा दिनांक 8 जुलाई, 2000 को प्रकाशित भारत के राजपत्र के भाग-III, खण्ड 4 के पृष्ठ संख्या 3139 से 3154 पर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया की अधिसूचना सं-1-सी. ए (7)/51/2000 दिनांक 12 जून, 2000 के तहत प्रकाशित किया गया था।

और जैसा कि कथित राजपत्र की प्रतियां सर्वसाधारण हेतु उपलब्ध होने की तिथि से पैंतालिस दिनों की अवधि की समाप्ति से पहले तक आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किये गये थे।

और जैसा कि कथित राजपत्र की प्रतियाँ आम जनता को 18 जुलाई, 2000 से उपलब्ध कराई गई थी।

और जैसा कि कथित संशोधनों के मसविदे पर आम जनता से प्राप्त आपत्तियां एवं सुझावों पर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया की परिषद् द्वारा विचार किया गया था तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।

अब, कथित अधिनियम की धारा 30 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुये, परिषद्, केन्द्रीय सरकार की अनुमति से, एतद्द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियम, 1988 में निम्नलिखित संशोधन करती है, नामत :—

1. (i) इन विनियमों को चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) विनियम, 2001 कहा जायेगा ;

(ii) ये विनियम, सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियम, 1988 में—

(i) विनियम 4 में, खंड (क) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, नामत :—

"(ख) व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया हो और पाठ्यक्रम में भाग लिया हो जैसा कि इन विनियमों में उपबन्धित है तथा अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो जो भी परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए; या"

(ii) विनियम 21 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, नामत :

"21. सदस्य बनने की शर्तें

अधिनियम या इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, संस्थान की सदस्यता के लिए अर्हित होने के लिए किसी व्यक्ति ने—

(क) व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया हो जैसा कि इन विनियमों में उपबंधित है और अनुसूची 'ख' में विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अनुसार अंतिम (फाइनल) परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो; या

(ख) व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया हो, पाठ्य विवरण के अनुसार जो परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, अंतिम (फाइनल) परीक्षा उत्तीर्ण

(vii) विनियम 28 में, उप विनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जायेगा, अर्थात्:–

"(2) इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी परिषद्, वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (पाठ्यक्रम–II) प्रारंभ किए जाने के पश्चात किसी भी समय, अनुसूची "ख" के अधीन इण्टरमीडियट परीक्षा लेनी बंद कर देगी और वह अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा करेगी कि वे परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा–II) उत्तीर्ण करें।"

(viii) विनियम 28 के पश्चात निम्नलिखित विनियम अंत: स्थापित किए जायेंगे, अर्थात् :–

"**28.क वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (पाठ्यक्रम-II) के लिए रजिस्ट्रीकरण**

(1) वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (पाठ्यक्रम–II) के लिए किसी अभ्यर्थी को तब तक रजिस्टर नहीं किया जायेगा जब तक कि उसने वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा–I) उत्तीर्ण न कर ली हो या इन विनियमों के अधीन उक्त परीक्षा से छूट प्राप्त न हो:

परन्तु कोई अभ्यर्थी जिसने चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट्स विनियम,1988 के अधीन प्रवेश या फाउण्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (पाठ्यक्रम–II) के लिए अपने आपको रजिस्टर कराने के लिए पात्र होगा।

(2) उपविनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी भी प्रवर्ग के अंतर्गत आने वाला अभ्यर्थी परिषद् के तत्वाधान में स्थापित कोचिंग संगठन के प्रमुख द्वारा, चाहे उसका कोई भी पदनाम हो, वृत्तिक (प्रोफेसनल शिक्षा) (पाठ्यक्रम–II) के लिए अन्तिम रूप से रजिस्टर किया जायेगा।

(i) वह अभ्यर्थी जो इन विनियमों के अधीन वृत्तिक, (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा-II) में बैठा है अथवा भारतीय लागत एवं संकर्म संस्थान या भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान की अंतिम परीक्षाओं में बैठा है;

(ii) वह अभ्यर्थी जिसने द्वितीय वर्ष स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और इस आशय की घोषणा की है कि अन्तिम रजिस्ट्रीकरण की तारीख से छः मास के भीतर अंतिम वर्ष की स्नातक परीक्षा में बैढ़ने का पात्र होने के कारण छः मास की उपरोक्त अवधि के भीतर उक्त अंतिम वर्ष की स्नातक परीक्षा में बैठेगा।

(3) ऐसे अभ्यर्थी के अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण की पुष्टि वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा-I) या भारतीय लागत और संकर्म लेखापाल संस्थान द्वारा या भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित अंतिम (फाईनल) परीक्षा में उत्तीर्ण होने का सबूत विनियम 25 (ख) (i) के प्रथम परन्तुक में विनिर्दिष्ट न्यूनतम अंक के साथ स्नातक परीक्षा में उत्तीर्ण होने का सबूत कोचिंग संगठन को, ऐसे अभ्यर्थी को दशा में, जो खण्ड (1) के अन्तर्गत आते है, अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण की तारीख से तीन मास के भीतर, और ऐसी अभ्यर्थी की दशा में जो उपविनियम (2) के खंड (ii) के अंतर्गत आते हैं, अंतिम वर्ष की स्नातक परीक्षा में बैठने की तिथि से छः मास के भीतर पेश किए जाने पर ही की जाएगी:–

परन्तु यह कि यदि ऐसा अभ्यर्थी, यथास्थिति, तीन मास या छः मास की पूर्वोक्त अवधि के भीतर ऐसा सबूत पेश करने में असफल रहता है तो उसका अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया जाएगा और उसके द्वारा दी गई रजिस्ट्रीकरण फीस या ट्यूशन फीस वापस नहीं की जाएगी तथा इन विनियमों के प्रयोजन के लिए सैद्धान्तिक शिक्षा के लिए और उत्तीर्ण की गई पात्रता परीक्षाओं के लिए कोई क्रेडिट नहीं दिया जाएगा।

(4) वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (पाठ्यक्रम–II) में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को परिषद् द्वाराअनुमोदित आवेदनपत्र

के साथ-साथ उतनी फीस देनी होगी जितनी परिषद् द्वारा समय-समय पर नियत की जाए।

28 ख. वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा-II) में प्रवेश, फीस और पाठ्यविवरण

(1) किसी भी अभ्यर्थी को वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा-II) में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि वह परिषद् के तत्वाधान में स्थापित कोचिंग संगठन के प्रमुख का, चाहे कोई भी पदनाम हो, यह प्रमाणपत्र पेश न कर दे कि वह उस कोचिंग संगठन के यहां रजिस्टर है तथा उसने सैद्धान्तिक शिक्षण स्कीम की अपेक्षाएं पूरी कर दी हैं।

(2) उप विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, ऐसे अभ्यर्थी से, जिसने इन विनियमों के प्रारंभ से पूर्व आंशिक या पूर्णत: व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है किन्तु इन विनियमों की अनुसूची 'ख' के पैरा 2 क में दिए गए पाठ्यविवरण के अनुसार इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण किए जाने की अपेक्षा की जाएगी और इन विनियमों के प्रयोजन के लिए यदि उसने पूर्व में कोई पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की थी तो वह विधिमान्य रहेगी;

परन्तु ऐसा अभ्यर्थी इन विनियमों के अधीन व्यावहारिक प्रशिक्षण जारी रखने और पूरा करने के लिए हकदार होगा।

(3) उप विनियम (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी, ऐसे अभ्यर्थी को, जो उस परीक्षा में जिसमें वह बैठने के लिए पात्र हो जाता है, लगातार पांच प्रयासों में वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण करने में असफल रहता है, उक्त परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के प्रयोजन के लिए, परीक्षा में बैठने के लिए पात्र हो जाने के पश्चात् ऐसा प्रयास भी, जिसका उसने लाभ नहीं उठाया है, लगातार पांच प्रयासों की गणना के लिए एक प्रयास के रूप में गिना जाएगा।

(4) वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा-II) के अभ्यर्थी को उतनी फीस देनी होगी जितनी परिषद् द्वारा समय-समय पर नियत की जाए।

(5) वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा - II) के अभ्यर्थी को उन विषयों में परीक्षा देनी होगी जो परिषद् द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं।"

(ix) विनियम 29 में, शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"29. अन्तिम (फाईनल) परीक्षा में प्रवेश: [उन अभ्यर्थियों को लागू जो अनुसूची 'ख' के पैरा 3क में निहित पाठ्यविवरण के अनुसार अंतिम (फाईनल) परीक्षा में बैठे हैं];"

(x) विनियम 29 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"29 क. अंतिम (फाईनल) परीक्षा में प्रवेश। [उन अभ्यर्थियों को लागू जो परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार अंतिम (फाईनल) परीक्षा में बैठे हैं]-

(1) किसी भी अभ्यर्थी को अंतिम (फाईनल) परीक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि-

(i) उसने इन विनियमों के अधीन वृत्तिक (फाईनल) शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण न कर ली हो; और

(ii) उसने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा न कर लिया हो जैसा कि सदस्य के रूप में प्रवेश के लिए अपेक्षित है अथवा उस मास के प्रथम दिन जिसमें परीक्षा आयोजित की जाने के लिए नियत है, व्यवहारिक प्रशिक्षण के शेष छह मास के लिये सेवारत न हो; और

(iii) वह परिषद् के तत्वाधान में स्थापित कोचिंग संगठन के प्रमुख से चाहे उसका कोई भी पदनाम हो, यह प्रमाणपत्र पेश न कर दे कि उसने सैद्धान्तिक शिक्षण स्कीम की अपेक्षाएं पूरी कर दी हैं:

परन्तु सैद्धान्तिक शिक्षण स्कीम की अपेक्षा ऐसे अभ्यर्थी पर लागू नहीं होगी जिसे परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार अंतिम (फाईनल) परीक्षा के प्रारंभ होने से पूर्व आयोजित की गई अंतिम (फाईनल) परीक्षा में प्रवेश दिया गया था।

स्पष्टीकरण : उपर्युक्त छह मास की अवधि की गणना करते समय आर्टिक्ल लिपिक की दशा में 138 दिन से और संपरीक्षा लिपिक की दशा में 184 दिन से अधिक ली गई छुट्टियां, उस अवधि के रूप में मानी जाएगी जिसमें यथास्थिति, आर्टिकल या संपरीक्षा सेवा के अधीन सेवारत रहना अपेक्षित है।

(2) उपविनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, ऐसे अभ्यर्थी जिसने इन विनियमों या चार्टर्ड अकाउण्टेन्टस विनियम, 1964 के अधीन इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है अथवा चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम, 1949 के अधीन इण्टरमीडिएट या प्रथम परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या जिसे उन विनियमों के अधीन प्रथम परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट प्राप्त थी, अंतिम (फाईनल) परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा बशर्ते कि उसने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया हो जैसा कि सदस्य के रूप में प्रवेश के लिए अपेक्षित है या उस मास के प्रथम दिन जिसमें परीक्षा आयोजित की जानी नियत है, आधिक्य छुट्टियों सहित यदि कोई है, व्यावहारिक प्रशिक्षण के अंतिम छह मास के लिये सेवारत हो।

स्पस्टीकरण : उपर्युक्त छह मास की अवधि की गणना करते समय आर्टिकल लिपिक की दशा में 138 दिन से और संपरीक्षा लिपिक की दशा में 184 दिन से अधिक की गई छुट्टियों उस अवधि के रूप में समझी जाएंगी जिसमें, यथास्थिति आर्टिकल या संपरीक्षा सेवा के अधीन सेवारत रहना अपेक्षित है।

(xi) विनियम 31 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"31. अंतिम (फाईनल) परीक्षा के लिए पाठ्यविवरण

(1) अंतिम (फाईनल) परीक्षा के अभ्यर्थी की परीक्षा अनुसूची 'ख' के पैरा 3क में विहित समूहों ओर विषयों मे ली जाएगी।

(2) इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, परिषद्, वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (पाठ्यक्रम-II) शुरू किए जाने के बाद किसी भी समय, अनुसूची 'ख' के पैरा 3क के अधीन अंतिम (फाईनल) परीक्षा आयोजित करना बंद कर सकेगी और अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वे परिषद द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार अंतिम (फाईनल) परीक्षा उत्तीर्ण करें।"

(xii) विनियम 36 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

"36. फाउंडेशन और वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा-I) उत्तीर्ण करने की अपेक्षा

(1) यदि फाउंडेशन परीक्षा का अभ्यर्थी हर प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और सब प्रश्नपत्रों के कुल अंकों के योग कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो साधारणतया उसे परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।

(2) यदि वृत्तिक (प्रोफेशनल) शिक्षा (परीक्षा-I) का अभ्यर्थी हर प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और सब प्रश्नपत्रों के कुल अंकों के योग का कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो साधारणतया उसे परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।"

(xiii) विनियम 37 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"37 क. वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण करने की अपेक्षा:

(1) यदि कोई अभ्यर्थी दोनों समूहों में उत्तीर्ण हो जाता है तो साधरणतया उसे वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा-II) में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा। वह या तो दोनों समूहों में साथ-साथ बैठ सकता है या एक परीक्षा में एक समूह में और पश्चात्वर्ती किसी परीक्षा में दूसरे समूह में बैठ सकता है।

(2) किसी अभ्यर्थी को साधारणतया दोनों समूहों में साथ-साथ उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा, यदि वह-

(क) प्रत्येक समूह के प्रत्येक प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और प्रत्येक समूह के सब प्रश्नपत्रों के कुल मिला कर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है; या

(ख) दोनों समूहों के हर प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और एक साथ दोनों समूहों के सभी प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है।

(3) यदि कोई अभ्यर्थी किसी एक समूह के हर प्रश्नपत्र में एक प्रयास में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और उस समूह के सब प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो उसे उस समूह में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।

(4) किसी अभ्यर्थी को, जिसने चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम, 1964 की अनुसूचि 'ख' या अनुसूचि 'खख' के अधीन अथवा चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम, 1988 की अनुसूचि 'ख' के पैरा 2 के अधीन आयोजित इण्डरमीडिएट परीक्षा के किसी एक समूह में उत्तीर्ण हो गया हो किन्तु दोनों समूहों में नहीं और बाद में उन विनियमों की अनुसूचि 'ख' के पैरा 2क के अधीन यूनिट अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठता है या बैठने के लिए अपेक्षित किया जाता है, किन्तु सम्बद्ध यूनिट में उतीर्ण नहीं होता है, परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार परीक्षा के प्रारंभ तक अपनी संबंधित यूनिट में बैठने के लिए हकदार होगा। तत्पश्चात् यूनिट अभ्यर्थी के रूप में बैठने के लिए हकदार नहीं रहेगा और ऐसे अभ्यर्थियों से अपेक्षित होगा कि यदि वे पाठ्यक्रम जारी रखना चाहते हैं तो परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविषरण के अनुसार वृत्तिक (प्रोफेसनल) शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण करने के लिए दोनों समूहों के सभी प्रश्नपत्रों में परीक्षा दें।

स्पष्टीकरण : ऊपर निर्दिष्ट 'यूनिट' पद प्रश्नपत्रों का एक सेट है जिनमें अभ्यर्थी, जो किसी एक समूह में उत्तीर्ण हो गया है किन्तु चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट विनियम, 1988 की अनुसूची 'ख' के पैरा 2क में विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अधीन परीक्षा के प्रारंभ के पूर्व इण्टरमीडिएट परीक्षा के दोनों समूहों में उत्तीर्ण नहीं हुआ है, परीक्षा में बैठने और उत्तीर्ण होने के लिए अपेक्षित है।

(5) परिषद् ऐसे अभ्यर्थी को, जिसने कि चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम, 1988 के अनुसूची 'ख' के पैरा 2क के अन्तर्गत अथवा परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट नये पाठ्यक्रम या तत्पश्चात विनिर्दिष्ट किसी अन्य पाठ्यक्रम के अन्तर्गत, एक ग्रुप (समूह) उत्तीर्ण कर लिया हो, को एक ग्रुप (समूह) में अथवा प्रश्नपत्र या प्रश्नपत्रों में छूट प्रदान करने हेतु मार्ग दर्शिका (गाईडलाईन्स) निर्धारित कर सकती है, परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु, ऐसे अभ्यर्थी को एक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत और ऐसे प्रश्नपत्र/ग्रुप (समूह) को कुल मिला कर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे।

परन्तु यह कि इस तरह निर्धारित मार्ग दर्शिकाओं (गाइडलाइन्स) में तत्पश्चात कोई भी संशोधन केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से ही लागू होंगे।

(6) परिषद् ऐसे अभ्यर्थी को , जिसने कि किसी पूर्ववर्ती

पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों में परीक्षा देने से छूट प्राप्त की हो, परिषद द्वारा निर्धारित नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत, ऐसे प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों में यदि वह नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आता/आते है, बांकी बचे छूट के अवसर/अवसरों को जारी रखने हेतु, मार्ग दर्शिकाओं (गाईडलाईन्स) का निर्धारण कर सकती है और ऐसा अभ्यर्थी उस प्रश्न पत्र के स्थान पर जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहा था, तत्स्थानी प्रश्न-पत्र में बैठेगा और यदि वह उस प्रश्नपत्र के स्थान पर जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहा था, तत्स्थानी प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है, तथा उन प्रश्नपत्रों के अंकों सहित जिनमें उसे परिषद् द्वारा छूट दी गई थी, उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है, तो उसे परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा:

परन्तु यह कि इस तरह निर्धारित मार्ग दर्शिकाओं (गाईडलाईन्स) में तत्पश्चात् कोई भी संशोधन केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से ही लागू होंगे।

परन्तु आगे यह कि ऐसा अभ्यर्थी जो चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम, 1988 की अनुसूची 'ख' के पैरा 2क में दिए गए पाठ्यविवरण के अनुसार एक यूनिट अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठा था और जिसे पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम के अधीन परिषद् द्वारा छूट दी गई थी, परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार परीक्षा के प्रारंभ तक छूट का/के बाकी अवसर/अवसरों का लाभ उठाने के लिए हकदार होगा। यदि ऐसा अभ्यर्थी परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार परीक्षा के प्रारंभ से पूर्व उस यूनिट में जिसमें कि वह है उत्तीर्ण नहीं हो पाता, तो छूट का/के बाकी अवसर तत्पश्चात् परीक्षा की यूनिट स्कीम बंद हो जाने के परिणामस्वरूप स्वत: समाप्त (व्यपगत) हो जाएगा/जाएंगे।

(7) उपविनियम (1) से (6) में किसी बात के होते हुए भी, ऐसा अभ्यर्थी, जो एक समूह के एक या अधिक प्रश्नपत्रों में अनुत्तीर्ण रहता है, किन्तु उस समूह के किसी प्रश्नपत्र या किन्हीं प्रश्नपत्रों में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है, तो वह उस प्रश्नपत्र या उन प्रश्नपत्रों में जिसमें/जिनमें उसने 60 प्रतिशत से कम अंक प्रापत किए हैं, ठीक अगली तीन परीक्षाओं में, एक या अधिक में बैठने के लिए हकदार होगा और यदि वह ऐसे प्रत्येक प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तथा उस प्रश्नपत्र या प्रश्नपत्रों सहित जिसमें या जिनमें उसने ऊपर पहले निर्दिष्ट परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है, उस समूह के सभी प्रश्पत्रों के कुल अंकों के कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्त कर लेता है तो उस समूह में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा, यदि वह उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों में उपस्थित रहा था और वह उस समूह में दी गई पूर्व छूट, यदि कोई हो, को पहले ही ले चुका है।

(xiv) विनियम 38 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"38-क. अंतिम (फाइनल) परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षाएं: [ऐसे अभ्यर्थियों को लागू जो परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अनुसार अन्तिम (फाईनल) परीक्षा में बैठे हैं]

(1) यदि कोई अभ्यर्थी दोनों समूहों में उत्तीर्ण हो जाता है तो साधारतया उसे अंतिम (फाईनल) परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा। वह दोनों परीक्षाओं में या तो साथ-साथ बैठ सकता है या एक परीक्षा में एक समूह में और बाद की किसी परीक्षा में दूसरे समूह में बैठ सकता है।

(2) किसी अभ्यर्थी को साधारणतया दोनों समूहों में साथ-साथ उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा, यदि वह-

(क) प्रत्येक समूह के हर प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और प्रत्येक समूह के सभी प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है; या

(ख) दोनों समूहों के प्रत्येक प्रश्नपत्र में एक बार में

कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और एक साथ दोनों समूहों के सभी प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है।

(3) यदि कोई अभ्यर्थी किसी एक समूह के हर प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है और उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो उसे ऐसे समूह में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।

(4) कोई अभ्यर्थी जिसने चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट विनियम, 1964 की अनुसूची 'ख' या अनुसूची 'ख ख' के अधीन आयोजित अंतिम (फाईनल) परीक्षा का कोई एक समूह उत्तीर्ण कर लिया है किन्तु उसके सभी समूह उत्तीर्ण नहीं किए हैं (तीन समूह प्रणाली के अधीन। जनवरी, 1985 से पूर्व) और जो तत्पश्चात चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम, 1988 के अनुसूची 'ख' के पैरा 3क के अधीन यूनिट अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठा है या बैठने के लिए अपेक्षित किया जाता है, किन्तु सम्बद्ध यूनिट में उत्तीर्ण नहीं होता है। परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार परीक्षा के प्रारंभ तक अपनी संबंधित यूनिट में बैठने के लिए हकदार होगा। तत्पश्चात् वह यूनिट अभ्यर्थी के रूप में बैठने के लिए हकदार नहीं रहेगा और ऐसे अभ्यर्थियों से अपेक्षित होगा कि यदि वे पाठ्यक्रम जारी रखना चाहते है तो वे परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार अंतिम (फाईनल) परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सभी समूहों के सभी प्रश्नपत्रों में परीक्षा दे।

स्पष्टीकरण: ऊपर निर्दिष्ट 'यूनिट' पद प्रश्नपत्रों का एक सेट है जिसमें अभ्यर्थी, जो किसी एक या अधिक समूहों में उत्तीर्ण हो गया है किन्तु चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम 1988 के अनुसूची 'ख' के पैरा 3क में विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अधीन परीक्षा के प्रारंभ के पूर्व अंतिम (फाईनल) परीक्षा के सभी समूहों में उत्तीर्ण नहीं हुआ है, परीक्षा में बैठने और उत्तीर्ण होने के लिए अपेक्षित है।

(5) परिषद्, ऐसे अभ्यर्थी को, जिसने कि चार्टर्ड अकाउण्टेण्टस विनियम 1988 के अनुसूची 'ख' के पैरा 3क के अन्तर्गत अथवा परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट नये पाठ्यक्रम या तत्पश्चात् विनिर्दिष्ट किसी अन्य पाठ्यक्रम के अन्तर्गत एक ग्रुप (समूह) उत्तीर्ण कर लिया हो, को एक ग्रुप (समूह) में अथवा प्रश्नपत्र या प्रश्नपत्रों में छूट प्रदान करने हेतु मार्ग दर्शिका (गाईडलाईन्स) निर्धारित कर सकती है, परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु, ऐसे अभ्यर्थी को एक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत और ऐसे प्रश्नपत्र/ग्रुप (समूह) को कुल मिला कर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे।

परन्तु यह कि इस तरह निर्धारित मार्ग दर्शिकाओं (गाईडलाईन्स) में तत्पश्चात् कोई भी संशोधन केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से ही लागू होंगे।

(6) परिषद् ऐसे अभ्यर्थी को, जिसने कि किसी पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों में परीक्षा देने से छूट प्राप्त की हो, परिषद् द्वारा निर्धारित नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत ऐसे प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों में, यदि वह नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आता/आते हैं, बाकी बचे छूट के अवसर/अवसरों को जारी रखने हेतु, मार्ग दर्शिकाओं (गाईडलाईन्स) का निर्धारण कर सकती है और ऐसा अभ्यर्थी उस प्रश्नपत्र के स्थान पर जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहा था, तत्स्थानी प्रश्नपत्र में बैठेगा और यदि वह उस प्रश्नपत्र के स्थान पर जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहा था, तत्स्थानी प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है, तथा उन प्रश्नपत्रों के अंकों सहित जिनमें उसे पूर्व में परिषद् द्वारा छूट दी गई थी, उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों के कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है, तो उसे परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा:

परन्तु यह कि इस तरह निर्धारित मार्ग दर्शिकाओं (गाईडलाईन्स) में तत्पश्चात् कोई भी संशोधन केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से ही लागू होंगे।

परन्तु आगे यह कि ऐसा अभ्यर्थी जो चार्टर्ड

अकाउण्टेण्टस विनियम, 1988 की अनुसूची 'ख' के पैरा 3क में दिए गए पाठ्यविवरण के अनुसार एक यूनिट अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठा था और जिसे पूर्ववर्त्ती पाठ्यक्रम के अधीन परिषद् द्वारा छूट दी गई थी, परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार परीक्षा के प्रारंभ तक छूट का/के बाकी अवसर/अवसरों का लाभ उठाने के लिए हकदार होगा। यदि ऐसा अभ्यर्थी परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्यविवरण के अनुसार परीक्षा के प्रारंभ से पूर्व उस यूनिट में जिसमें हैं, उत्तीर्ण नहीं हो पाता है, तो छूट का/के बाकी अवसर तत्पश्चात् परीक्षा की यूनिट स्कीम बंद हो जाने के परिणामस्वरूप स्वत: समाप्त (व्यपगत) हो जाएगा/जाएंगे।

(7) उपविनियम (1) से (6) में किसी बात के होते हुए भी, ऐसा अभ्यर्थी, जो एक समूह के एक या अधिक प्रश्नपत्रों में अनुत्तीर्ण रहता है, किन्तु उस समूह के किसी प्रश्नपत्र या किन्हीं प्रश्नपत्रों में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो वह उस प्रश्पत्र या उन प्रश्नपत्रों में जिसमें/जिनमें उसने 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किए हैं, ठीक अगली तीन परीक्षाओं में, एक या अधिक में बैठने के लिए हकदार होगा और यदि वह ऐसे प्रत्येक प्रश्नपत्र में एक बार में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तथा उस प्रश्नपत्र या प्रश्नपत्रों सहित जिसमें या जिनमें उसने ऊपर पहले निर्दिष्ट परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों के कुल अंकों के कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्त कर लेता है तो उसे उस समूह में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा, यदि वह उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों में उपस्थित रहा था और वह उस समूह में दी गई पूर्व छूट, यदि कोई हो, को पहले ले चुका है।"

(xv) विनियम 43 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात-

43. आर्टिकल्ड लिपिक कि नियुक्ति

(1) केवल वही सदस्य जो व्यक्तिक नाम से या एकमात्र स्वायत्तधारी के रूप में व्यापार नाम से या भागीदारी के रूप में प्रैक्टिस कर रहा है, इन विनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए तथा ऐसे निबंधों और शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें परिषद् इस निमित्त अधिरोपित करना ठीक समझे, आर्टिकल लिपिकों की ऐसी संख्यां को जो इससे आगे विनिर्दिष्ट है, प्रशिक्षित करने के लिए हकदार होगा-:

(i) यदि वह कम से कम 3 वर्ष से लगातार प्रैक्टिस कर रहा है- एक आर्टिकल लिपिक

(ii) यदि वह कम से कम 5 वर्ष से लगातार प्रैक्टिस कर रहा है- दो आर्टिकल लिपिक

(iii) यदि वह कम से कम सात वर्ष से लगातार प्रैक्टिस कर रहा है - तीन आर्टिकल लिपिक

(2) कोई सदस्य, जो प्रैक्टिसरत चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट या ऐसे चार्टर्ड अकाउण्टेण्टों की फर्म में बैतनिक नियोजन में है, आर्टिकल लिपिकों को प्रशिक्षित करने के लिए हकदार नहीं होगा। फिर भी ऐसा सदस्य, जिसके अधीन इन विनियमों के लागू होने की तारीख को सेवारत एक या अधिक आर्टिकल लिपिक है तब तक आर्टिकल लिपकों को प्रशिक्षण देता रहेगा जब तक उसके अधीन पहले से सेवारत आर्टिकल लिपिक अपना आर्टिकल प्रशिक्षण पूरा नहीं कर लेते हैं।

(3) जहां किसी ऐसे सदस्य के, जो अपनी प्रैक्टिस समाप्त कर देता है या प्रैक्टिस कर रही फर्म में अपनी भागीदारी/नियोजन से त्यागपत्र दे देता है और प्रैक्टिस समाप्त करते या त्यागपत्र देते समय उसके अधीन सेवारत एक या अधिक आर्टिकल लिपिक हैं, तो ऐसे आर्टिकल लिपिक, फर्म में अपने आर्टिकल की शेष अवधि तक सेवा करते रहेंगे, चाहे अन्य शेष भागीदार उनकी अधिकतम हकदारी तक पहले ही प्रशिक्षण दे रहे हैं। ऐसा सदस्य, उसके अधीन पूर्व में रजिस्ट्रीकृत आर्टिकल लिपिक/लिपिकों की प्रशिक्षण की शेष अवधि समाप्त होने तक आर्टिकल लिपिक/लिपिकों को प्रशिक्षित करने का हकदार नहीं होगा।

(4) जहां कोई सदस्य एक से अधिक फर्मों में भागीदार है और/या किसी एक मात्र स्वायतधारी के रूप में व्यापार नाम से या आपने व्यक्तिगत नाम से चार्टर्ड अकाउण्टेंसी की प्रैक्टिस करता है तो ऐसे सदस्य द्वारा प्रशिक्षित किए जा सकने वाले आर्टिकल लिपिकों की संख्या उपविनियम (1) में विनिर्दिष्ट हकदारी से अधिक नहीं होगी।

(5) कोई सदस्य किसी आर्टिकल लिपिक को नियोजित करने या प्रशिक्षित करने का हकदार केवल तभी होगा जब वह चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्रैक्टिस करता हो और यह प्रैक्टिस, परिषद् की राय में उसकी मुख्य वृत्ति हो और उप विनियम (1) के प्रयोजनों के लिए किसी सदस्य के लगातार प्रैक्टिस में रहने के वर्षों की संख्या सुनिश्चित करने के लिए वर्षों की केवल उस संख्या पर विचार किया जाएगा जिनके संबंध में सदस्य की प्रैक्टिस मुख्य वृत्ति थी:

बशर्ते यह कि, परिषद्, अपने विवेकानुसार, प्रैक्टिस की निरन्तरता में आए किसी अन्तरात को, जिसकी अवधि कुल मिलाकर 182 दिनों से अधिक नहीं होगी, माफ कर सकेगी।

स्पष्टीकरण : इस उपनियम के प्रयोजन के लिए कोई ऐसा सदस्य, जो विनियम 51 और 72 के अधीन अनुमोदित किसी एक या अधिक वित्तीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक उपक्रमों में कम से कम छह वर्ष नियोजित रहने के पश्चात् चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्रैक्टिस को अपनी मुख्य प्रैक्टिस के रूप में अपनाता है, तो ऐसा सदस्य को तीन वर्षों तक निरंतर प्रैक्टिस में समझा जाएगा।

(6) परिषद्, ऐसे निबंधनों और शर्तों के अधीन रहते हुए, जो वह उचित समझे, किसी विशिष्ट मामले में इस उपनियम के किसी भी उपबंध से छूट दे सकेगी।

(7) इस विनियम के अधीन आर्टिकल लिपिक को प्रशिक्षित करने की किसी सदस्य की हकदारी परिषद् द्वारा विनियम 67 के अधीन लिये गये निर्णय के अनुसार होगी।

(8) इस विनियम में किसी बात के होते हुए भी, परिषद् व्यक्तिगत नाम/या/व्यापार नाम से एक मात्र स्वायत्त के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्रैक्टिस कर रहे किसी सदस्य या ऐसे चार्टर्ड अकाउंटेंसी की फार्म को किसी ऐसे आधार पर और ऐसे निबंधनों और शर्तों के अधीन रहते हुए, जो परिषद् द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाएं, आर्टिकल लिपिक नियोजित करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगी।

(xvi) विनियम 45 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"45. आर्टिक्लशिप में प्रवेश :

(1) आर्टिक्ल लिपिक नियोजित करने वाला प्रैक्टिस कर रहा सदस्य, किसी व्यक्ति को आर्टिक्ल लिपिक के रूप में स्वीकार करने के पूर्व अपना यह समाधान करेगा कि:-

(क) आर्टिक्ल लिपिक को प्रशिक्षित करने के प्रयोजन के लिए उसकी प्रैक्टिस [उसके व्यक्तिक नाम या व्यापार नाम में या फर्म के भागीदार के रूप में] उचित है; और

(ख) ऐसा व्यक्ति-

(i) आर्टिक्ल प्रारंभ होने की तारीख को 18 वर्ष से कम आयु का नहीं है; और

(ii) इन विनियमों के अधीन वृत्तिक शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण कर चुका है; और

(iii) परिषद् द्वारा, समय-समय पर, विनिर्दिष्ट रीति से, कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है:

सीमाशुल्क की विधियां

शुल्क की उगाही का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और विधायी पृष्ठभूमि; सीमा शुल्क अधिकारियों की नियुक्तियां, पत्तन, मालगोदाम आदि, आयात और निर्यात की प्रकृति और प्रतिबन्ध, उत्पाद शुल्क की उगाही, छूट और संग्रह–विधि और प्रक्रिया पर एक विहंगम दृष्टि; पत्तन से माल की निकासी, जिसमें डाक से भेजा सामान, आयातित अथवा निर्यातित माल तथा रास्ते में आ रहा माल शामिल होगा; शुल्क वापस लेने सम्बन्धी प्रावधान।

केन्द्रीय बिक्री कर की विधियां

केन्द्रीय बिक्री कर की उगाही का विकास और कार्यक्षेत्र, अन्तर्राष्ट्रीय बिक्री, राज्य से बाहर बिक्री और आयात तथा निर्यात के दौरान बिक्री–बुनियादी सिद्धांत, व्यापारियों का पंजीकरण तथा कर–योग्य कुल बिक्री का निर्धारण।

प्रश्न पत्र 4 : प्रबंधन सूचना प्रणाली और निगम संचार

ज्ञान का स्तर : कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य :

(i) विद्यार्थियों को व्यापार में प्रबन्धन सूचना प्रणाली तथा सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग की जानकारी देना,

(ii) विद्यार्थियो को आवश्यक संकल्पनाओं, तकनीकों और कारगर संचार की निपुणताओ से अवगत करना।

ब्यौरेवार अन्तर्वस्तु :

भाग क : प्रबंधन सूचना प्रणाली (अंक 50)

1. प्रणाली विश्लेषण तथा डिजाइन–एक विहंगम दृष्टि।

प्रणाली अध्ययन, प्रणाली डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन; परीक्षण और संपरिवर्तन।

2. प्रबंधन सूचना प्रणालियां (एम.आई.एस.)–एक विहंगम दृष्टि।

प्रबंधन सूचना प्रणाली की संकल्पना, प्रबंधन सूचना प्रणाली का विकास ओर तत्व, एम आई.एस की परिभाषा, विशेषताएं और बुनियादी आवश्यकताए, एम आई एस का ढांचा, कम्प्यूटरीकृत एम आई एस, एम आई.एस. के विकास के प्रति दृष्टिकोण,कारगर एम.आई.एस. की पूर्व–अपेक्षाए, कम्प्यूटर और एम आई एस पर इसका प्रभाव, एम.आई. एस की सीमाएं बनाम डाटा प्रसंस्करण; एम.आई.एस. और निर्णय समर्थित प्रणालियां, एम.आई.एस. और सूचना संसाधन प्रबंधन, कार्यकारी सूचना तथा निर्णय समर्थित प्रणालियां; कृत्रिम आसूचना और विशेषज्ञ प्रणाली, भारतीय संगठनो में एम आई एस; सूचना प्रौद्योगिकी में नवीनतम घटनाएं।

3. कम्प्यूटर और संचार–एक विहंगम दृष्टि

सूचना प्रौद्योगिकी–विश्व ग्राम की संकल्पना, आन–लाइन सूचना सेवाएं, इलेक्ट्रानिक बुलेटिन बोर्ड प्रणालियां, इन्टरनेट, इन्टरानेट, एक्स्ट्रानेट, इलेक्ट्रानिक डाक, इन्टरएक्टिव वीडियो, संचार चैनल, सचार नेटवर्क, स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क, विस्तृत क्षेत्र नेटवर्क, वीडियो सम्मेलनीकरण, नई सहस्त्राब्दि में उदीयमान सूचना टेक्नालॉजियां।

4. ग्राहक / सर्वर कम्प्यूटिंग

सचार सर्वर, डिजीटल नेटवर्क; इलेक्ट्रिक डाटा इंटरचेंज और इसके अनुप्रयोग, उद्यम ससाधन योजना प्रणालियां (ई.आर.पी प्रणालिया); अन्तर–सागठनिक सूचना प्रणालियां, मूल्यवर्धित नेटवर्क।

5. इलेक्ट्रानिक कामर्स और इन्टरनेट

ई–कामर्स–बुनियादी तत्व; ई.कामर्स और इंटरनेट, इन्टरनेट के अनुप्रयोग, वेबसाइट प्रबंधन, मल्टी मीडिया।

6. समसामयिक मुद्दे और घटनाएं।

भाग ख : निगम संचार (अंक 50)

7. संचार की प्रक्रिया; संचार के अवरोध और गेटवे, ढांचा–साधन, संचार के तरीके और प्रकार; संचार में फीडबैक; संचार का सामाजिक पहलू।

8. प्रभावी भाषा–प्रभावकारी मौखिक संचार के सिद्धांत विषय की–वाक्–तैयारी; प्रोटोकोल निर्वाह; ध्वनि नियंत्रण, उच्चारण, हाव–भाव (बॉडी लैंग्वेज); संकेत और सुराग; प्रभावशाली भाषा की तकनीकें, अन्तर्वैयक्तिक सचार–बातचीत की कला, वार्तालाप–नियंत्रण, सरकारी और सामाजिक समारोह, साक्षात्कार–साक्षात्कार करने की कला, साक्षात्कार के प्रकार, साक्षात्कार करना, साक्षात्कार की रिकार्डिंग, नौकरी से सम्बन्धित साक्षात्कार।

9. प्रस्तुति और अन्तर्वैयक्तिक निपुणता–प्रभावकारी लिखित संचार के सिद्धांत–व्यापारी, सामाजिक तथा सरकारी आधिकारियो के समक्ष तर्कसंगत ढंग से लिखित में मामलों की प्रस्तुति, सार्वजनिक मंचों पर प्रस्तुति, प्रेस विज्ञप्तियां, बायोडाटा तथा संक्षिप्त वृत्तांतों की तैयारी।

10 सार्वजनिक सम्बन्धों की कला; जनता और संगठनो से सम्पर्क और सौहार्द स्थापना; सामाजिक घटनाओं में भागीदारी, कार्यक्रम प्रायोजन, निगम नोटिसों तथा विज्ञापनो का प्रारूपण, निगम छवि निर्माण।

11 बातचीत करने की कला; लोगो को परामर्श देना, विवाद समाधान और समस्या समाधान तकनीक, सुनने, समझने, विरोधियों पर विजय पाने की कला; समझाने और प्रभावित करने की कला।

12. रिपोर्ट लेखन; गतिविधियों को आगे बढाने सम्बन्धी लेखो की तैयारी, ग्रन्थ सूची, तथ्यों और आंकडों की प्रस्तुति; साराशों की तैयारी।

13. बैठकों और चर्चाओं का आयोजन; प्रेस सम्मेलन, औपचारिक तथा अनौपचारिक बैठकें, प्रदर्शनियां, सर्वेक्षण, रोड–शो, लाच, अभियान।

14 संकल्पनात्मक और विवेचनात्मक निपुणताओ का विकास–जटिल सामग्री से प्रमुख मुद्दों को सरल ढंग से पेश करना, प्राथमिकताओं की पहचान, सूचना के नानाविध स्रोतों का एकीकरण, सोच मे स्पष्टता।

15 वैयक्तिक और व्यावसायिक विकास; सामान्य और उपयोगी ज्ञान की उद्भावना, भावनात्मक प्रज्ञा, व्यक्तिगत आचार और व्यवहार, आत्म विश्वास, पहल और अभिप्रेरणा, व्यापार कौशल, सृजनशीलता, नवीनता और उन्नयन, परिवर्तन के लिए योजना; नई स्थितियों से सामजस्य, भावनात्मक स्थिरता, ज्ञान में भागीदारी और प्रयुक्त करना टीम–निर्माण और नेतृत्व करना।

ग्रुप–II

प्रश्न पत्र 5 : कम्पनी विधि

ज्ञान का स्तर : विशेषज्ञ ज्ञान

उद्देश्य :

(i) पंजीकृत कम्पनियो के विनियमों को समझने तथा भारतीय कम्पनी विधि के प्रावधानों एवं इनके अधीन बनी अनुसूचियों और नियमो को पूरी तरह समझाना जिसमें केस–लॉ, विभागीय स्पष्टीकरणो आदि के जरिए उनकी व्याख्या करना भी शामिल है।

(ii) सहकारी विधि के सिद्धांतों की संकल्पनात्मक जानकारी देना

ब्यौरेवार अन्तर्वस्तु:

1. भूमिका

व्यापार–माध्यम के रूप में कम्पनी कारबार उद्यम की प्रकृति और

के लिए उपयुक्त है; और

(ख) ऐसा व्यक्ति, -

(i) लेखा परीक्षा सेवा प्रारंभ होने की तारीख को 18 वर्ष से कम आयु का नहीं है; और

(ii) इन विनियमों के अधीन वृत्तिक शिक्षा (परीक्षा-II) उत्तीर्ण कर चुका है; और

(iii) परिषद् द्वारा समय-समय पर यथा विनिर्दिष्ट रीति में कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है:

परन्तु यह कि ऐसा अभ्यर्थी जिसने फाउंडेशन/स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, ऐसे समय तक स्वयं को लेखा परीक्षा लिपिक के रूप में पंजीकृत कराने का पात्र होगा जो परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए:

परन्तु, आगे यह भी कि ऐसा अभ्यर्थी जो परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट परीक्षा स्कीम के प्रारम्भ होने से पूर्व आडिट (लेखा परीक्षा) लिपिक के रूप में पंजीकृत था, इस सन्दर्भ में, इस तथ्य पर ध्यान दिये बगैर कि उसने चार्टर्ड अकाउन्टेण्टस विनियम 1988 के अनुसूची 'ख' के पैरा '2क' के अन्तर्गत पाठ्यक्रम में इन्टरमीडिएट परीक्षा पास कर ली है या नहीं, अथवा उसके व्यवहारिक परीशिक्षण की अवधि के बीच में किसी प्रकार का अन्तराल या रुकावट आ गई थी, इन विनियमों के अधीन व्यवहारिक परीशिक्षण की बांकी बची अवधि को जारी रखने एवं पूरा करने के लिये ग्राहय होगा।"

(xxii) विनियम 72 में, उप विनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(1) ऐसा संपरीक्षा लिपिक, जिसने इन विनियमों के अधीन वृत्तिक शिक्षा (परीक्षा-II) या इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, अपने विवेकानुसार औद्योगिक प्रशिक्षार्थी के रूप में उप विनियम (2) में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए किसी ऐसे वित्तीय, वाणिज्यक, औद्योगिक उपक्रम में जिसकी कम से कम स्थिर आस्तियां 1 करोड़ रुपए की हो या कम से कम आवृत्ति 10 करोड़ रुपए की हो; या कम से कम समादत्त अंश पूंजी 10 लाख रुपए की हो, अथवा परिषद् द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य संस्था या संगठन में सेवा कर सकेगा:

परन्तु यह कि संपरीक्षा लिपिक ने ऐसा प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तारीख से कम से कम तीन मास पूर्व औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के अपने आशय से अपने नियोजक को सूचित कर दिया हो;"

(xxiii) विनियम 72 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"72क. सामान्य प्रबंध और संचार कौशल पाठ्यक्रम और उसकी अवधि।

ऐसा परीक्षा लिपिक जिसने इन विनियमों में यथा उपबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, संस्थान की सदस्यता के लिए आवेदन करने के पूर्व सामान्य प्रबन्ध और संचार कौशल के पाठ्यक्रम में या किसी ऐसे अन्य पाठ्यक्रम में ऐसी रीति से सम्मिलित होना अपेक्षित है, जो परिषद् द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किया जायेगा।"

अशोक हल्दिया, सचिव

[विज्ञापन-3/4/असाधारण/104/01]

टिप्पणी :—1. मूल विनियम, दिनांक 1 जून, 1988 के भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग III, खण्ड 4 में अधिसचूना संख्या 1 सी.ए. (7)/134/88 दिनांक 1 जून, 1988 के तहत प्रकाशित किये गये थे।

2. तत्पश्चात् समय-समय पर संशोधित किये गये एवं पिछले इस तरह के संशोधनों का विवरण निम्न प्रकार से है:-

(i) अधिसूचना संख्या 1 सी.ए.(7)/19/92 दिनांक 7 मार्च, 1992 का भारत का राजपत्र में प्रकाशित (विनियम 23,24,28,31,36,43,45,51,69 एवं 72)

(ii) अधिसूचना संख्या 1 सी. ए.(7)/45/99 दिनांक 26 फरवरी, 2000 का भारत का राजपत्र में प्रकाशित।

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA

NOTIFICATION

New Delhi, the 17th August, 2001

(Chartered Accountants)

No. 1-CA(7)/51/2000 :—Whereas certain draft amendments further to amend the Chartered Accountants Regulations, 1988, were published by the Council of the Institute of Chartered Accountants of India, as required by sub-section (3) of section 30 of the Chartered Accountants Act, 1949 (38 of 1949) at pages 3139 to 3154 of the Gazette of India, Part III Section 4, dated the 8th July, 2000 under the notification of the Institute of Chartered Accountants of India No. 1-CA(7)/51/2000 dated 12th June, 2000;

And whereas objections and suggestions were invited before the expiry of a period of forty five days from the date on which the copies of the said Gazette were made available to the public;

And whereas the said Gazette was made available to the public on 18th July, 2000;

And whereas the objections and suggestions received from the public on the said draft amendments have been considered by the Council of the Institute of Chartered Accountants of India and approved by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 30 of the said Act, the Council, with the approval of the Central Government, hereby, makes the following amendments in the Chartered Accountants Regulations, 1988, namely:-

1. **(1)** These regulations may be called the Chartered Accountants (Amendment) Regulations, 2001.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Chartered Accountants Regulations, 1988, –

(i) in regulation 4, after clause (a), the following shall be inserted, namely:-

"(aa) has completed the practical training and attended the course as provided in these regulations and passed the final examination as may be specified by the Council; or";

(ii) for regulation 21, the following regulation shall be substituted, namely:-

"21. Conditions to become a member

Except as otherwise provided in the Act or these Regulations, a person in order to qualify himself for membership of the Institute should have -

(a) completed the practical training as provided in these regulations and have passed the Final examination as per the syllabus specified in Schedule `B'; or

(b) completed the practical training, passed the Final examination as per the syllabus as may be specified by the Council and attended the course as provided in these regulations.";

(iii) regulation 23 shall be omitted;

(iv) in regulation 24, after sub-regulation (3), the following shall be inserted, namely:-

"(4) Notwithstanding anything contained in these regulations, the Council may, at any time after the commencement of registration for the Professional Education (Course – I), discontinue registration for the Foundation Course.";

(v) In regulation 25, after sub-regulation (3), the following shall be inserted, namely:-

"(4) Notwithstanding anything contained in these regulations, the Council may, at any time after the commencement of registration for the Professional Education (Course – I), discontinue holding the Foundation Course Examination under these regulations and require the candidates to pass the Professional Education (Examination – I) as per the syllabus as may be specified by the Council.

(vi) after regulation 25, the following regulations shall be inserted, namely:-

"25A. Registration for Professional Education (Course – I)

(1) No candidate shall be registered for the Professional Education (Course – I) unless he has passed the Senior Secondary Examination (10 + 2 examination) conducted by an examining body constituted by law in India or an examination recognised by the Central Government or the Council as equivalent thereto.

(2) Notwithstanding anything contained in sub-regulation (1), a candidate who has appeared in the final Senior Secondary Examination or an examination recognised by the Central Government or the Council as equivalent thereto may be provisionally registered for the Professional Education (Course – I) by the head of the coaching organisation, by whatever name designated, set up under the aegis of the Council:

Provided that the provisional registration of such candidate shall be confirmed only after satisfactory proof of having passed the examination referred to in this sub-regulation, has been furnished by him to the coaching organisation within a period of six months from the date of provisional registration:

